# निवेश और उद्योग विकास में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी

## सीएम बोले...शिकायतों का जनपद स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों से कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन ईको सिस्टम तैयार किया गया है। इसलिए निवेश और उद्योग विकास से संबंधित किसी भी मामले में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दरअसल सोमवार को जनता दर्शन में कई उद्यमियों ने अपनी समस्याएं सीएम के सामने रखी थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीएम ने अफसरों को ऐसे मामलों का तत्काल निस्तारण करने को कहा है। उन्होंने संबंधित विभागों, विशेषकर उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) व जिला प्रशासन को तत्काल और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अवैध कब्जों और पुलिस से जुड़े मामलों में भी अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी कार्रवाई करने को कहा है। ब्यूरो



जनता दर्शन में महिलाओं की फरियाद सुनते सीएम योगी। -सूचना विभाग

**प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा हो सकती है अनिवार्य :** जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने बेसिक शिक्षा परिषद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों को अनिवार्य करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने सुझाव को गंभीरता से लिया। आश्वासन दिया है कि संबंधित विभाग को इस बारे में निर्देश दिए जाएंगे। जनता दर्शन में आए बच्चों का सीएम ने हालचाल लिया, चॉकलेट दीं और कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ो।